# तुम्हारा चाँद, मेरा चाँद



जहां मैं रहती हूं, और जहाँ तुम रहते हो,

वे जगहें बहुत अलग और दूर हैं.

यहां ठंड है, वहां गर्मी है.

यहाँ हम तालाब पर स्केटिंग करते हैं.

वहाँ तुम अपने तालाब में तैरते हो.

वहां तुम अपनी किताबें पढ़ते हो.

यहां मुझे उन किताबों की याद आती है

जो हमने एक साथ मिलकर पढ़ी थीं.

दादी और पोता हमेशा एक साथ नहीं हो सकते हैं.

लेकिन उनके बीच की दूरी

एक ही देखे जाने वाले चंद्रमा से कम होती है.

जहां मैं रहती हूं
वहां खूब बर्फ गिरती है.
पहले एक स्नोफ्लेक,
फिर दूसरा
मूक, नरम,
तुम्हारी सांस जितने हल्के.
एक,
दो,
तीन.






जहाँ तुम रहते हो
वहां सूरज बहुत गर्म होता है
तुम मुझसे बहुत दूर हो.
वहां पेड़ों के ऊपर चिड़िए उड़ती हैं
छांव की उम्मीद में.
तुम उन्हें गिन सकते हो.
चार,
पांच,
छह.

जब तुम छोटे थे, तो मैं तुमसे मिलने आई थी
और तब हमने मिलकर किताबें पढ़ीं थीं.
सभी किताबें.
एक के बाद एक करके सभी.
तुम्हें "मालगाड़ी" वाली किताब
सबसे ज़्यादा पसंद आई थी,
हालांकि तुमने अपने जीवन में
कभी कोई मालगाड़ी नहीं देखी थी.



अब चाँद के बारे में हरेक किताब तुम्हें पसंद है
तुम्हें चाँद से प्यार है.





जहां मैं रहती हूँ वहां तालाब बर्फ से ढंका है.
फिसलन,
चमकदार,
ठंडा.
अगर तुम यहाँ होते तो मैं तुम्हारा हाथ पकड़ती
और तुम्हारे साथ तालाब पर स्केटिंग करती.
हमारे आसपास की हवा,
स्नोफ्लेक्स से दूधिया होती,
और तुम हंसते.



अगर मैं वहां होती जहाँ तुम रहते हो,
तो हम दोनों चमचमाती झील में तैरते
जहां चीलें उड़ान भरकर मछलियां पकड़तीं
हम दोनों सफेद रेत में महल बनाते
और बंदर के छोटे-छोटे बच्चों को देखते
जो अपनी माँ की पीठ पर बैठे होते.
शायद कोई बन्दर तुम्हारा
केला छीन कर ले जाता.
वो देख, मैं हंसती.



जहां तुम रहते हो वहां कुत्ते तुमसे प्यार करते हैं
बोस्सी और वूप्स,
वो तुम्हारे द्वारा गिराया खाना
खाने को तत्पर रहते हैं
और हँसते चेहरे वाला बूढ़ा टांगा भी.
वो तुम्हें अपने शरीर पर टिकने देता है
और बालों को सहलाने देता है
और पुच्ची देने देता है.
वह तुम्हें सभी खतरों से बचाता है.



जब तुम मुझे देखने आए थे,
तो मेरे कुत्ते भी तुमसे प्यार करने लगे थे.
उन्होंने हर जगह तुम्हारा पीछा किया था.
अब जब वो मेरे साथ पहाड़ी सड़क पर चलते हैं,
तो उनकी नाक जमीन पर,
शिकार की तलाश करती है
और साथ में खरगोश
और हिरण की भी.
पर वो तुम्हें भी तलाशते हैं
क्योंकि उन्हें तुम्हारी बहुत याद आती है.

जहां मैं रहती हूं वहां सुबह के समय
पहाड़ों के ऊपर सूरज उगता है,
एक चमकदार
लाल
गेंद की तरह.
वो देखते-देखते पीले रंग में बदल जाता है.





तुम्हारी पहाड़ी पर
झील के ऊपर,
रात को डूबता सूरज
आकाश और जल को रंगता है
वो तुम्हारे कुत्तों,
माँ और पापा को भी
लाल, गुलाबी और नारंगी रंगता है.
और फिर तुम अपने चांद को देखते हो.



जहाँ मैं रहती हूँ
वहां हम रजाई ओढ़कर सोते हैं
और बहुत ठंड पड़ने पर ऊनी मोजे पहनते हैं.
जब मैं सोती हूं,
तो मैं तुम्हारे सपने देखती हूं:
जब तुम्हारी माँ गीत गाती होगी
तो तुम कैसे हंसते होगे,
रबड़ के जूतों में छपाक-छपाक करना
तुम्हें कितना पसंद है
तुम अंडों के लिए मुर्गियों के
दबड़े को कैसे तलाशते हो,
ब्रॉडी, अभी भी तुम्हारी पसंदीदा मुर्गी है.



तुम जहाँ रहते हो
वहां तुम मच्छरदानी में सोते हो
एक शाही बच्चे की तरह,
मच्छरों की भिनभिनाहट से सुरक्षित.
क्या तुम मेरे बारे में सपने देखते हो?
या फिर मेरे कुत्तों के बारे में कभी सोचते हो?
क्या तुम्हें मेरे द्वारा पढ़ी गई किताबें,
या उनके कुछ शब्द याद हैं
जो हमारे चारों ओर एक कंबल की तरह गिरते थे?
क्या तुम अब उन गीतों को सुनते हो
जो मैं तुम्हें बचपन में सुनाती थी?



हर रात मैं वही गीत गाती हूं.
जो मैं बचपन में तुम्हारे लिए गाती थी,
जिससे कि मैं तुम्हें याद कर सकूं,
इस उम्मीद में कि तुम भी मुझे याद करोगे,
हालांकि मैं यहां पर हूं
और तुम वहाँ हो
मुझसे बहुत दूर.



हर रात तुम अपने चाँद को तलाशते हो.
हर रात मैं अपने चाँद को तलाशती हूं.



देखो, तुम्हारा चाँद,
मेरा चाँद भी है.

समाप्त